प्रेषक,

नुसरत खान,
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–9, इलाहाबाद।

सेवा में,

आदरणीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– आदरणीय जनपद न्यायाधीश,
इलाहाबाद।

विषय– परिपत्र संख्या–25/एडमिन (ए) दिनांकित–13 जुलाई 1998, इलाहाबाद के अनुपालन में आवासीय भूमि (अचल सम्पत्ति) क्रय करने की अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय के उक्त परिपत्र के अनुपालन में आवासीय भूमि (अचल सम्पत्ति) कय करने की अनुमति के सम्बन्ध में आवेदन निर्धारित प्रारूप पर सादर प्रेषित है।

सादर।

भवदीय

NusratKhan

(नुसरत खान)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–9, इलाहाबाद।

दिनांक–14.04.2021

प्रेषक,

नुसरत खान,
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–9, इलाहाबाद।

सेवा में,

आदरणीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा– आदरणीय जनपद न्यायाधीश,
इलाहाबाद।

विषय– परिपत्र संख्या–25/एडमिन (ए) दिनांकित–13 जुलाई 1998, इलाहाबाद के अनुपालन में आवासीय भूमि (अचल सम्पत्ति) क्रय करने की अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान् अवगत कराना है कि आराजी गाटा संख्या–144 मि0 का जुज भाग, आवासीय भूमि प्लाट रकबा 503.98 वर्गमीटर यानि 602.77 वर्ग गज, स्थित आलमपुर सुबकरा माफी (रियाज कालोनी), परगना व तहसील कोल, जनपद अलीगढ़, जिसकी अद्यतन सर्किल रेट के अनुसार मालियत मु0–18,64726/–(अठारह लाख चौंसठ हजार सात सौ छब्बीस) रूपये है, को मु0–18,50,000/-(अट्ठारह लाख पचास हजार) रूपये में अप्रैल 2021, तक क्रय करने हेतु प्रार्थी का मौखिक करार विक्रेता श्रीमती कहकशा परवीन पत्नी श्री सुहैल अहमद, निवासी डी/1 कोरानिच होम, सरसैयद नगर अलीगढ़ से हुआ है। प्रार्थी उक्त सम्पत्ति को क्रय करना चाहता है। प्रतिफल धनराशि मु0–18,50,000/-(अट्ठारह लाख पचास हजार) रूपये में से मु0–10,00000/– (दस लाख)रूपये अपने बचत खाता (सेलरी एकाउन्ट) 87152180003530, केनरा बैंक, कटरा शाखा, इलाहाबाद से चेक/NEFT के माध्यम से अदा करूंगा तथा मु0–8,50,000/– (आठ लाख पचास हजार) रूपये प्रार्थी की पत्नी श्रीमती यासमीन अकबर, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय इलाहाबाद के बचत खाता (सेलरी एकाउन्ट) 87152010016663 केनरा बैंक, कटरा शाखा, इलाहाबाद, से चेक/NEFT के माध्यम से अदा करूंगा। स्टाम्प ड्यूटी अदा करने में होने वाला व्यय प्रार्थी की पत्नी के खाते से किया जायेगा। प्रार्थी उपरोक्त सर्कुलर के अनुपालन निम्नलिखित सूचना प्रेषित कर रहा है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. सेवा प्रारम्भ करने की तिथि | :– | 20.04.2009 |
| 2. वर्तमान में कुल वेतन व घर ले जाने वाला वेतन | :– | कुल वेतन मु0–1,55,957/– रूपये घर ले जाने वाला वेतन मु0–1,21,948/– |
| 3. रूपये 10,000/– से अधिक चल सम्पत्ति क्रय करने का विवरण | :– | पूर्व में कोई भी अचल संपत्ति क्रय नहीं की गयी है तथा नई कार होण्डा सिटी दिनांक–29.09.2013 को मु0–8,58,750/– रूपये में क्रय किया गया, जिसमें मु0–5,60,000/– रूपये का ऋण सिंडीकेट बैंक शाखा जिला पंचायत अलीगढ़ से लिया गया तथा शेष राशि का भुगतान अपने बचत खाता 87152180003530,(सेलरी एकाउन्ट) सिंडीकेट बैंक शाखा अलीगढ़ से किया गया, जिसकी सूचना परिपत्र संख्या–25/एडमिन (ए) दिनांकित–13 जुलाई 1998, इलाहाबाद के अनुपालन में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक–25.10.2013 को को प्रेषित की जा चुकी है। उक्त कार लोन का पूर्ण भुगतान प्रार्थी द्वारा अदा किया जा चुका है तथा पूर्ण भुगतान के आधार पर बैंक द्वारा लोन खाता दिनांक–01.09.2018 को बन्द किया जा चुका है। |
| 4. क्या माननीय उच्च न्यायालय से कोई ऋण लिया गया | :– | नहीं। |
| 5. क्या बैंक से कोई ऋण लिया गया, यदि हॉ तो उसका विवरण | :– | नहीं। |
| 6. सैकेण्ड हैण्ड वाहन खरीदने के सम्बन्ध में विवरण | :– | लागू नहीं |
| 7. सम्पत्ति का विवरण (प्लाट का क्षेत्रफल) लोकल्टी का नाम आदि भवन या प्लाट उसकी माप :– | | आराजी गाटा संख्या–144 मि0 का जुज भाग, आवासीय भूमि,प्लाट रकबा, 503.98 वर्गमीटर यानी 602.77 वर्ग गज स्थित आलमपुर सुबकरा माफी, (रियाज कालोनी) परगना व तहसील कोल, जनपद अलीगढ़। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | डीलर/विक्रेता का पूरा नाम और पता | :– | श्रीमती कहकशा परवीन पत्नी श्री सुहैल अहमद निवासी डी 1 कोरनिच होम, सरसैयद नगर, अलीगढ़। |
| 9. | क्या डीलर नियमित एवं विख्यात प्राप्त है:– | :– | विक्रेता नियमित विक्रेता नहीं है। |
| 10. | क्या न्यायिक अधिकारी से सम्बन्धित है तथा कोई वाद उससे सम्बन्धित निर्णीत किया गया था या लम्बित है। | :– | प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी का विक्रेता से कोई सम्बन्ध नहीं है और न ही विक्रेता का कोई मुकदमा प्रार्थी अथवा प्रार्थी की पत्नी श्रीमती यासमीन अकबर, अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय कक्ष संख्या–5, इलाहाबाद के न्यायालय में विचाराधीन है। |
| 11. | धनराशि के स्रोत का विवरण:– | :– | प्रार्थी उक्त संपत्ति के प्रस्तावित प्रतिफल मु0–1850000/- रूपये के भुगतान को मु0–10,00000/– (दस लाख) रूपये अपने बचत खाता (सेलरी एकाउन्ट) 87152180003530, केनरा बैंक, कटरा शाखा, इलाहाबाद से चेक/NEFT के माध्यम से अदा करेगा तथा मु0–8,50,000/– (आठ लाख पचास हजार) रूपये प्रार्थी की पत्नी श्रीमती यासमीन अकबर, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय इलाहाबाद के बचत खाता (सेलरी एकाउन्ट) 87152010016663 केनरा बैंक, कटरा शाखा, इलाहाबाद, से चेक/NEFT के माध्यम से अदा करेगा तथा स्टाम्प ड्यूटी अदा करने में होने वाला व्यय प्रार्थी की पत्नी के खाते से किया जायेगा। आज की तिथि पर प्रार्थी के सेलरी खाता में मु0–11,26,109/– (ग्यारह लाख छब्बीस हजार एक सौ नौ) रूपये तथा प्रार्थी की पत्नी के सेलरी खाते में मु0–15,73,570/– (पन्द्रह लाख तिहत्तर हजार पॉच सौ सत्तर) रूपये बैलेंस उपलब्ध है। प्रार्थी की पत्नी माह मार्च का वेतन अभी प्राप्त होना शेष है। |

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि मुझे उक्त संपत्ति अप्रैल 2021 में कय करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाए। अन्यथा प्रार्थी को अत्यधिक क्षति होगी। प्रार्थी आपका सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

भवदीय

Nusrat Khan

(नुसरत खान)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–9, इलाहाबाद।

<u>दिनांक–14.04.2021</u>

संलग्नक:–

1. प्रार्थी के बैंक खाते के पासबुक की छायाप्रति।
2. प्रार्थी की पत्नी श्रीमती यासमीन अकबर के बैंक के खाते के पासबुक की छायाप्रति।
3. विक्रेती के पक्ष में हुए बैनामें (दो किता) की छायाप्रति।
4. सर्किल रेट की छायाप्रति।
5. लोन समाप्ति प्रपत्र/प्रमाणपत्र की छायाप्रति।